दिनांकः 22.05.2026
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे।
- देश की सीमाओं को और अधिक अभेद्य बनाने के लिए स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू की जायेगी।
- राजस्थान उच्च न्यायालय ने पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनाव 31 जुलाई तक कराने के निर्देश दिए।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– पिछले 12 साल में राजस्थान में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेज़ी से विकास हुआ।

और

- अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर देश और प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। देश के सभी हिस्सों से चयनित ये युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे। जयपुर में होने वाले रोजगार मेले में केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव शामिल होंगे। वहीं अजमेर में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शिरकत करेंगे।

000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार देश की सीमाओं को और अधिक अभेद्य बनाने के लिए स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेगी। नई दिल्ली में आज सीमा सुरक्षा बल– बीएसएफ के अलंकरण समारोह में श्री शाह ने कहा कि इस परियोजना में ड्रोन, रडार, कैमरे और अन्य तकनीकी संसाधन शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट बॉर्डर कॉन्सेप्ट के तहत बीएसएफ की सुरक्षा प्रणाली में प्रौद्योगिकी को शामिल कर अगले एक वर्ष के भीतर अभेद्य सीमा सुरक्षा ढांचा विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है।

---------------

गृह मंत्री ने कहा कि बीएसएफ ने 1965 में 25 बटालियनों और सीमित संसाधनों के साथ शुरुआत की थी। लगभग 2 लाख 70 हजार कर्मियों की संख्या के साथ अब यह सीमाओं की रक्षा करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा बल बन गया है। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाकर 50 किलोमीटर कर दिया है।

000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने आज राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनाव 31 जुलाई तक कराने के निर्देश दिए। न्यायालय ने इन चुनावों को दिसंबर तक स्थगित करने के सरकार के अनुरोध को खारिज कर दिया। अदालत के आदेश पर पहले राज्य सरकार को चुनाव करवाने के लिए 15 अप्रैल तक का समय दिया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस.पी. शर्मा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने चुनाव प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग को 20 जून तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। नगरीय विकास मंत्री झाबरमल खर्रा ने न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह तैयार है। दूसरी ओर विधानसभा मे प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। एक वक्जव्य में श्री जूली ने कहा कि राज्य सरकार जानबूझकर चुनाव टालने की कोशिश कर रही है।

000

चुनाव आयोग ने प्रदेश की तीन सीट सहित दस राज्यों की 24 सीटों के लिए राज्य सभा के द्विवार्षिक चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया है। इन 24 सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई में समाप्त हो रहा है। इनमें राजस्थान से चुने गए राज्य सभा के 3 सदस्य नीरज डांगी, राजेन्द्र गहलोत और रवनीत सिंह का कार्यकाल 21 जून को पूरा हो जायेगा। इन चुनावों के लिए अधिसूचना एक जून को जारी की जाएगी। नामांकन 8 जून तक भरे जाएंगे वहीं 9 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। उम्मीदवार 11 जून तक नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 18 तारीख को होगा और उसी दिन शाम को मतगणना होगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की बैठक चल रही है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। अब से कुछ देर बाद राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्य बैठक मे हुए फैसलों की जानकारी देंगे। करीब तीन महीने बाद हुई मंत्रिमण्डल की इस बैठक को कई मामलों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले 12 साल में राजस्थान में रेल की आधारभूत संरचना का तेज़ी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई स्टेशनों को नया और भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। श्री वैष्णव आज जालौर में भुज–बरेली एक्सप्रेस रेल सेवा के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले राजस्थान में रेल सेवाओं के विकास के लिए हर वर्ष 500–600 करोड़ रूपये मिलते थे, लेकिन अब दस हजार करोड़ रूपये खर्च हो रहे है। इससे राज्य में कई रेल परियोजनाओं का तेज़ी से काम चल रहा है।

-------------------

श्री वैष्णव ने भुज–बरेली एक्सप्रेस रेल सेवा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। ये ट्रेन भीलडी, जालौर, लूनी और जयपुर होते हुए दिल्ली पंहुचेगी। इससे जालौर वासियों को पहली बार दिल्ली तक के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी। श्री वैष्णव अब से कुछ देर बाद पाली पहुंच कर रेलवे स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यो का भी जायजा लेंगे। इससे पहले, रेल मंत्री ने आज सुबह जोधपुर स्टेशन से 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिल्ली केन्ट के लिए रवाना किया। ये सेमीहाईस्पीड ट्रेन पहले 8 डिब्बों के साथ संचालित हो रही थी। रेल मंत्री ने जैसलमेर स्टेशन पर नये बने कोच केयर कॉम्पलेक्स का भी वीसी के माध्यम से शुभारम्भ किया।

000

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने नागरिकों से सभी प्राणियों के लिए साझा भविष्य बनाने में मदद करने का आग्रह किया है। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर आज भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने समृद्ध जैव विविधता को सतत विकास की अनगिनत चुनौतियों का समाधान बताया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति मनुष्य के मन में कृतज्ञता का भाव होना जरूरी है

-----------------

जैव विविधता दिवस पर प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय कोटा की ओर से विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई साथ ही उन्हें जैव विविधता संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया। हनुमानगढ़ के टिब्बी में

सरकारी स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान पौधे रोपे गये और पक्षियों के लिए परिन्डे बांधे गये। पाली में भी पर्यावरण संरक्षण शपथ, पौध रोपण और जल संरक्षण सहित कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

000

देश मे 1 अप्रैल से लागू हुए आयकर कानून को लेकर शुरू किए गए देशव्यापी जनजागरूकता अभियान **प्रारंभ** के तहत आज जयपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद कर नए कानून के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभाग की ओर से लाये गए विभिन्न टूल्स के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में हित धारकों ने अपने सुझाव भी दिए।

मीडिया से बात करते हुए प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त सुमीत कुमार ने बताया कि नया आयकर अधिनियम छोटा और सुगम है, जिसमें पुरानी सभी परेशानियों को दूर करने का प्रयास किया गया है ।

------------

000

राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत प्रदेश में 14 वर्ष तक की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का निशुल्क टीका लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में डीग में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव–गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। साथ ही स्कूलों में जाकर टीके लगाए जा रहे हैं। डीग जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि ये वैक्सीन बालिकाओं के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम करती है। यह भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करने में सहायक है।

------------------

000

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आगामी 31 जुलाई तक आवेदन किये जा सकते हैं। बच्चों द्वारा बहादुरी, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला ओर साहित्य और विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में प्रेरणादायक कामों के लिए से पुरस्कार दिये जाते हैं। इसके लिए 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं।

000